राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

## राजस्थान दिवस पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 29 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान दिवस (30 मार्च) की प्रदेशवासियो को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बागडे ने राजस्थान दिवस पर जारी अपने संदेश में कहा है कि 'राजस्थान' नाम ही मन में गौरव की अनुभूति कराने वाला है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा राजस्थान दिवस भारतीय तिथि से मनाए जाने की घोषणा की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान स्थापना दिवस मात्र एक दिवस नहीं है। यह दिवस हमारे स्वाभिमान, सद्भाव की संस्कृति को सहेजने का है। उन्होंने इस दिवस पर संकल्पित होकर राजस्थान के सर्वांगीण विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

-----

## नव संवत्सर और नवरात्र पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 29 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार से आरम्भ हो रहे संवत्सर 2082 और चैत्र नवरात्रि पर सभी के मंगल की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने नव संवत्सर में नए संकल्प के साथ राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर पर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा सभी लोगों का कल्याण करें। उन्होंने मां के नौ रूपों को नमन करते हुए सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

-----